# VASHISTHA GENESIS SCHOOL, BARDOLI

(Academic Session: 2026-27)

**Date: ________ Class: 4 Div: A/C Roll No: ______ Sub: 2L Hindi**

**Name: ________________________________________ Revision Worksheet: No. 3**

## व्याकरण पुनरावर्तन (पाठ - 3,4)

**प्रश्न 1. कोष्ठक से सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करें :**

**{ गुब्बारा , मच्छर , चप्पल , छत्ता, मक्खन, दिल्ली , पत्थर }**

(क) मयंक ___________________ फुला रहा है |

(ख) _________________ भारत की राजधानी है |

(ग) ___________________ के काटने से मलेरिया होता है |

(घ) यह मधुमक्खी का ________________ है |

(ङ) कमरे के बाहर ___________________ उतार दो |

(च) दही मथने पर ___________________ निकलता है |

(छ) यह एक चमकीला ___________________ है |

**प्रश्न 2- प्रश्नों के लिए सही उत्तर चुनकर सही (√) का निशान लगाइए :**

**i.** लिंग के कितने भेद हैं ?

(क) तीन (ख) दो (ग) चार (घ) सभी गलत

ii. संज्ञा के कितने भेद हैं ?

(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) एक

iii. बच्चे आज स्कूल नहीं गए | रेखांकित शब्द संज्ञा का कौन –सा भेद है ?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) जातिवाचक (घ) सभी गलत

iv. आज रवि की परीक्षा है - रेखांकित शब्द संज्ञा का कौन –सा भेद है ?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) जातिवाचक (घ) सभी गलत

v. वर्षा से चारों और हरियाली छा गई - रेखांकित शब्द संज्ञा का कौन –सा भेद है ?

(क) भाववाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) जातिवाचक (घ) विशेषण

vi. गंगा किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) जातिवाचक (घ) सभी गलत

vii. ‘वृक्ष’ शब्द कौन – सा लिंग है ?

(क) पुल्लिंग (ख) स्त्रीलिंग (ग) सदा स्त्रीलिंग (घ) कोई नहीं

viii. ईमानदारी किस संज्ञा का उदाहरण है ?

(क) व्यक्तिवाचक (ख) भाववाचक (ग) जातिवाचक (घ) सभी गलत

ix. शहर शब्द का संज्ञा भेद है -

(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) भाववाचक (घ) विशेषण

x. 'माला' कौन -सा वचन है ?

(क) एकवचन (ख) बहुवचन (ग) द्विवचन (घ) सभी गलत

**प्रश्न 3. दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए -**

| | |
|---|---|
| क. कुम्हारिन - ____________________ | ङ. वीरांगना - ____________________ |
| ख. ग्वाला - ____________________ | च. सिंह - ____________________ |
| ग. बूढ़ा - ____________________ | छ. कवयित्री - ____________________ |
| घ. दवाई - ____________________ | ज. सम्राट - ____________________ |

**प्रश्न 4. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए -**

| | |
|---|---|
| क. कमरा - ____________________ | ङ. भाषा - ____________________ |
| ख. बहू - ____________________ | च. मक्खी - ____________________ |
| ग. बहन - ____________________ | छ. तिनका - ____________________ |
| घ. ऋतु - ____________________ | ज. मिठाई - ____________________ |

## अनुच्छेद - लेखन

**प्रश्न - दिए गए विषयों पर अनुच्छेद लिखिए :**

(क) मेरा मनपसंद खेल' (ख) हमारा तिरंगा (ग) चौथी कक्षा में मेरा पहला दिन

**उत्तर - (क) 'मेरा मनपसंद खेल'**

मेरा मनपसंद खेल क्रिकेट है। मुझे क्रिकेट खेलना और देखना दोनों बहुत पसंद हैं। मैं हर शाम अपने दोस्तों के साथ मैदान में क्रिकेट खेलता हूँ। इस खेल से मेरा शरीर स्वस्थ और मजबूत रहता है। क्रिकेट हमें अनुशासन, मेहनत, धैर्य और मिल-जुलकर काम करने की सीख देता है। यह एक ऐसा खेल है जिसमें सभी खिलाड़ियों को एक-दूसरे का साथ देना पड़ता है। मेरे प्रिय क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली हैं। मैं उनकी तरह अच्छा खिलाड़ी बनना चाहता हूँ। पढ़ाई के साथ-साथ मैं नियमित रूप से क्रिकेट का अभ्यास भी करता हूँ। मुझे विश्वास है कि मेहनत और लगन से मैं भविष्य में एक अच्छा क्रिकेट खिलाड़ी बन सकता हूँ। इसलिए क्रिकेट मेरा सबसे प्रिय खेल है।

(**नोट:** अनुच्छेद 'ख' तथा 'ग' का अभ्यास पाठ्यपुस्तक की मदद से करें )